Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट,

- **जालोर में पटवार हल्का बागरा का पटवारी 18,000/— रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तारं।**

जयपुर, 14 जनवरी, 2026 बुधवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **पूरणमल पटवारी, पटवार हल्का बागरा, तहसील व जिला जालोर** को 18,000/— रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. जालोर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से आरोपी श्री पूरणमल पटवारी, पटवार हल्का बागरा, तहसील व जिला जालोर द्वारा परिवादी के बागरा स्थित कृषि भू—खण्ड का म्यूटेशन भरने की एवज में 20,000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर जोधपुर रेंज के **उपमहानिरीक्षक श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जालोर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड़** के द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पूरणमल पटवारी, पटवार हल्का बागरा, तहसील व जिला जालोर से उक्त रिश्वत राशि अठारह हजार रूपये बरामद कर उपरोक्त आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** व **महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह** के निर्देशन मे आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही तथा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी जारी है ।

एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।